AMRIT VICHAR PAGE 3

लविवि छात्रों को देगा रोजगार का अवसर

ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन पहली बार विश्वविद्यालय से छात्रों की करेगा सीधी भर्ती

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन यानी की ओएनजीसी जल्द ही लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों को चयन करेगा। बताया जा रहा है कि ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन अपने स्तर से पूरी चयन प्रक्रिया का आयोजन करेगा।

यह पहली बार होगा कि भारत की सबसे बड़ी कच्ची तेल और प्राकृतिक गैस कंपनी छात्रों को अपने यहां नौकरी देगी,लेकिन इस दौरान उन्हीं छात्रों का चयन होगा,जो अपनी योग्यता साबित कर सकेंगे। इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय व ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन के बीच में जल्द ही एक अनुबंध भी किया जायेगा। इसकी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन ने भूगर्भ विज्ञान विभाग को दिया है।

विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अजय मिश्रा ने बताया कि ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में एक सेंटर स्थापित किया गया है। जिसमें पीजी स्तर पर अप्लाइड पैट्रोलियम की पढ़ाई होती है। इसके अलावा भूगर्भ विभाग में भी पीजी का पाठ्यक्रम चलता है। ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन की ओर से दोनों ही पीजी लेवल की कोर्स के छात्रों को नौकरी का मौका मिलेगा। प्रोफेसर मिश्रा ने बताया कि ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन की ओर से लखनऊ यूनिवर्सिटी में चयन प्रक्रिया चलाने की सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई है। इसके आगे की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए यूनिवर्सिटी व ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन के बीच में एक एमओयू किया जाएगा, जिसका प्रस्ताव विभाग की ओर से तैयार किया जा रहा है। लखनऊ विश्वविद्यालय में इस पहल से छात्रों को सहूलियत होगी और उनका भविष्य निखर सकेगा।

होंगे लाभांवित

- विश्वविद्यालय और ओएनजीसी के बीच जल्द होगा अनुबंध
- पीजी लेवल के कोर्स के छात्रों को नौकरी का मौका मिलेगा

नैमिषारण्य के महाविद्यालय का संचालन करेगा लविवि

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। सीतापुर के नैमिषारण्य स्थित महाविद्यालय का संचालन जल्द ही शुरू होगा। इस महाविद्यालय का संचालन लखनऊ विश्वविद्यालय करेगा। इसी के तहत मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय के अन्य सदस्यों के साथ महाविद्यालय का निरीक्षण किया है।

दरअसल उत्तर प्रदेश शासन नैमिषारण्य स्थित एक महाविद्यालय का निर्माण करवाकर लखनऊ विश्वविद्यालय को संचालित करने के लिए सौंप रहा है। इसी महाविद्यालय का निरीक्षण करने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति अपनी टीम के साथ पहुंचे थे। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने महाविद्यालय के भवन के निरीक्षण में निर्माण की गुणवत्ता, निर्माण कार्यों की प्रगति, शिक्षण कार्य शुरू किए जाने के लिए अन्य आवश्यकतायें, विद्युत व्यवस्था समेत मैदान व बाउंड्री को देखा, साथ ही कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से जानकारी ली।

इसके अलावा निरीक्षण के दौरान इस बात की भी जानकारी ली गयी कि क्षेत्रिय आवश्यकता के हिसाब से महाविद्यालय के भवन का उपयोग विश्वविद्यालय किस तरह से और किस विषय के लिए कर सकता है। जिससे इस क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ मिल सके। निरीक्षण के दौरान डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन, डीन एजुकेशन प्रो तृप्ता त्रिवेदी, एजुकेशन विभाग से डॉ. किरण लता डंगवाल, रूसा की निदेशक डॉ. केया पांडेय आदि उपस्थित रहे।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

यूजी के 11 कोर्सों में दूसरी च्वॉइस फिलिंग शुरू

लविवि : 12 अक्तूबर तक विद्यार्थी दे सकते हैं विकल्प, कई कॉलेजों में भी प्रवेश के अवसर

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की केंद्रीकृत स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत 11 कोर्सों की खाली सीटों के लिए दूसरी च्वॉइस फिलिंग शुरू कर दी गई है। जो अभ्यर्थी मेरिट लिस्ट में शामिल हैं, वे 12 अक्तूबर तक च्वॉइस फिलिंग कर सकते हैं। इसके बाद इनका सीट एलॉटमेंट जारी कर प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि बीबीए, बीबीए टूरिज्म, बीकॉम एनईपी, बीकॉम ऑनर्स, डीफार्मा, बीसीए (सिर्फ कॉलेज के लिए), बीएफए (सिर्फ कॉलेज के लिए), एलएलबी इंटीग्रेटेड (सिर्फ कॉलेज के लिए), बीजेएमसी (सिर्फ कॉलेज के लिए), बीएलएड (कॉलेज के लिए) व बीएससी एजी (सिर्फ कॉलेज के लिए) च्वॉइस फिलिंग चल रही है। विद्यार्थी अपनी लॉगिन आईडी से च्वॉइस भर दें।

पीजी के सात विषयों का सीट अलॉटमेंट जारी

सत्र 2022-23 के पीजी प्रवेश के अंतर्गत मंगलवार को सात विषयों का सीट अलॉटमेंट मेरिट के अनुसार विवि की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि डिफेंस स्टडीज, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृत, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ, मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन), मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन व क्रिमिनोलॉजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन का सीट अलॉटमेंट जारी किया गया है। जिन अभ्यर्थियों को सीट अलॉट कर दी गई है, वे 12 अक्तूबर तक अपनी फीस जमा कर दें। जो अपनी सीट से संतुष्ट नहीं हैं वे इसे अपग्रेड भी कर सकते हैं।

दस्तावेजों का सत्यापन कराने पहुंचे छात्र-छात्राएं

लखनऊ। लविवि में स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत यूजी कोर्सों का डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। सोमवार को भारी बरसात के कारण इससे वंचित विद्यार्थियों को मौका दिया गया था। इसे लेकर मंगलवार सुबह से ही काफी संख्या में बीए एनईपी, बीएससी मैथ्स एनईपी, बीकॉम एनईपी, बीकॉम ऑनर्स, एलएलबी इंटीग्रेटेड, बीबीए, बीएफए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस, बीबीए टूरिज्म, बीसीए व डीफार्मा के विद्यार्थी डाक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए कैंपस पहुंचे। बीए का वेरीफिकेशन अटल ब्लॉक में चल रहा था, जहां दो हाल में सैकड़ों विद्यार्थी बैठे थे और एक में वेरीफिकेशन किया जा रहा था। यहां कोई जिम्मेदार अधिकारी व शिक्षक के न होने से विद्यार्थी थोड़े परेशान भी हुए। दूसरी तरफ बीएससी का वेरीफिकेशन डीन साइंस कार्यालय में था। यहां सड़क पर लाइन लगाकर ही विद्यार्थियों का वेरीफिकेशन किया जा रहा था। दोपहर में बरसात के समय थोड़ी दिक्कत विद्यार्थियों को हुई।

अटल ब्लॉक में किया गया दस्तावेजों का सत्यापन। - संवाद

चार विद्यार्थियों का चयन

चयनित शुएब, अनुज, मानसी और नेहा।

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का चयन सेडकॉस कंपनी में हुआ है। इसमें कंप्यूटर साइंस के मो. शुएब जाहिद, अनुज मौर्य, मानसी बिसारिया व एमसीए छात्रा नेहा एंथोनी का चयन हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया, 4.25 लाख सालाना का पैकेज मिला है। कुलपति प्रो. आलोक राय बधाई दी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

पीजी के 7 विषयों की मेरिट जारी

लविवि में आज ही जमा करनी होगी फीस

ऐडमिशन अलर्ट

■ एनबीटी, लखनऊः एलयू ने मंगलवार को पीजी के सात विषयों की मेरिट सूची जारी की है। इसमें डिफेंस स्टडीज, एआईएच, संस्कृत, मास्टर-पब्लिक हेल्थ, मास्टर- पब्लिक हेल्थ (कम्यूनिटी मेडिसिन), मास्टर हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन और क्रिमनोलॉजी एंड क्रिमनल जस्टिजस एडमिनिस्ट्रेशन विषय शामिल हैं। ऐडमीशन को-ऑर्डिनेटर पंकज माथुर के मुताबिक चयनित अभ्यर्थी लॉगइन आईडी से सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं। फीस जमा करने के लिए केवल एक दिन का मौका दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को बुधवार यानी 12 अक्टूबर को ही फीस जमा करनी होगी।

यूजी के 11 विषयों में सेकंड चॉइस फिलिंग मौका

सेंट्रलाइज्ड दाखिला प्रक्रिया के तहत 11 पाठ्यक्रमों की दूसरी चॉइस फिलिंग प्रक्रिया शुरु हो गई है। कंप्लीट मेरिट लिस्ट में शामिल अभ्यर्थी 12 अक्टूबर तक चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। ऐडमीशन को-ऑर्डिनेटर पंकज माथुर के अनुसार बीबीए, बीबीए (ट्रिज्म), बीकॉम (एनईपी), बीकॉम (ऑनर्स), डी-फार्मा, बीसीए (कॉलेजों के लिए), बीएफए (कॉलेजों के लिए), एलएलबी ऑनर्स (कॉलेजों के लिए), बीजेएमसी (कॉलेजों के लिए), बीएलएड (कॉलेजों के लिए) और बीएससी एग्रीकल्चर (कॉलेजों के लिए) की बची सीटों के लिए चॉइस फिलिंग की जा सकती है।

शकुंतला विवि में रिक्त सीटों पर प्रवेश 17 तक

■ एनबीटी, लखनऊः डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में प्रवेश के लिए अब भी मौका है। स्नातक और परास्नातक के विभिन्न कोर्सों में खाली पड़ी सीटों पर प्रवेश के लिए 17 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवेश निदेशक प्रो. नागेंद्र यादव के अनुसार बीकॉम, बीबीए, बीकॉम-एलएलबी, बीटेक के साथ ही एमएससी, एमटेक, एमए, एमएड, एमबीए, एमकॉम और एमसीए में आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

HINDUSTAN PAGE 6

बीएससी, एमएससी कृषि परीक्षा आज से शुरू होगी

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय बीएससी और एमएससी एग्रीकल्चर की परीक्षाएं 12 अक्तूबर से शुरू हो रही हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स ओल्ड और न्यू कोर्स द्वितीय सेमेस्टर, बीएससी आनर्स, बीएससी आनर्स चतुर्थ सेमेस्टर ओल्ड और न्यू कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर छठे सेमेस्टर के साथ ही एमएससी एग्रीकल्चर एग्रोनॉमी द्वितीय सेमेस्टर, केमेस्ट्री हार्टिकल्चर एवं एग्रीकल्चर एक्सटेंशन की परीक्षाओं के लिए लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली एवं लखीमपुर में नौ नोडल परीक्षा केन्द्र एवं 10 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इन परीक्षाओं में 3500 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे।

बीएससी एग्रीकल्चर आनर्स द्वितीय सेमेस्टर (एनईपी) की परीक्षा 12 अक्तूबर से 28 अक्तूबर तक दोपहर दो से 3.30 बजे तक होगी। इसके साथ ही बीएससी आनर्स द्वितीय सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 20 अक्तूबर, चतुर्थ सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा 12 से 28 अक्तूबर, चतुर्थ सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक होगी। आनर्स छठे सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा 12 से 28 अक्तूबर एवं आनर्स छठे सेमेस्टर ओल्ड कोर्स की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक होगी। बीएससी एग्रीकल्चर छठे सेमेस्टर की परीक्षा 12 से 21 अक्तूबर तक होगी। इसी क्रम में एमएससी एग्रीकल्चर एग्रोनॉमी द्वितीय सेमेस्टर, एग्रीकल्चर केमेस्ट्री हार्टिकल्चर एवं एग्रीकल्चर एक्टेंसशन की परीक्षा 12 से 19 अक्तूबर तक दोपहर दो बजे से पांच बजे की पाली में होंगी।

दो केन्द्रों पर होगी बीएलएड परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएलएड द्वितीय सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा 14 से 19 अक्तूबर तक प्रस्तावित है। बीएलएड की परीक्षा के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय और एपीसेन गर्ल्स डिग्री कॉलेज को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। केन्द्रों पर 17 कॉलेजों के छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे।

दूसरी च्वाइस फिलिंग का मौका बस आज तक

एलयू ने 11 कोर्स की दूसरी मेरिट सूची जारी कर दी है। आठ अक्तूबर से अभ्यर्थियों को च्वाइस फिलिंग का मौका दिया गया है। 12 अक्तूबर तक च्वाइस फिलिंग करने का आखिरी मौका है। पीजी प्रवेश काउंसलिंग के सात विषयों की मेरिट सूची में शामिल छात्रों के पास 12 अक्तूबर तक फीस जमा करने का अन्तिम मौका है।

SWATANTRA BHARAT PAGE 4

महाविद्यालय का कुलपति ने किया निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश शासन नैमिषारण्य, जनपद सीतापुर में एक महाविद्यालय का निर्माण कराके लखनऊ विश्वविद्यालय को संचालित करने के लिए सौंप रहा है। मंगलवार को एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्विद्यालय के सदस्यों के साथ इस महाविद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एजुकेशन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, एजुकेशन विभाग से डॉ. किरणलता डंगवाल, रूसा की निदेशक डॉ. केया पांडेय, डॉ. संगीता साहू और एलयू निर्माण विभाग के सिविल और विद्युत इकाई के अभियंता उपस्थित रहे। कुलपति के नेतृत्व में विश्वविद्यालय की टीम में भवन के निरीक्षण में निर्माण की गुणवत्ता, निर्माण कार्यों की प्रगति, शिक्षण कार्य शुरू किए जाने संबंधी अन्य आवश्यकताएँ, विद्युत व्यवस्था, मैदान, बाउंड्री इत्यादि को देखा तथा कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान इस बात की भी विवेचना की गई कि क्षेत्रिय आवश्यकता के अनुरूप में इस महाविद्यालय के भवन का उपयोग विश्वविद्यालय किस तरह से एवं किस विषय के लिए कर सकता है, जिससे इस क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

i-NEXT PAGE 4

शीर्ष विज्ञानियों में एलयू के तीन शिक्षक पीएचडी इंटरव्यू

बीए फर्स्ट सेमेस्टर की कक्षाएं कल से शुरू

की तिथि बदली

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधार्थियों की ओर से सूची जारी

LUCKNOW (11 Oct) : एलयू के तीन शिक्षकों को लगातार दूसरी बार स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया के शोधार्थियों की ओर से जारी की गई दो फीसद टाप विज्ञानियों की सूची में जगह मिली है. इनमें भौतिकी विभाग के प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डा. रोली वर्मा तथा रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अभिनव कुमार शामिल हैं. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने तीनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी है. स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधार्थी हर साल विज्ञान और इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में दुनिया के शीर्ष 2 फीसदी वैज्ञानिकों की सूची प्रकाशित करते हैं. यह सूची एच-इंडेक्स, शोधपत्र मे सह-लेखकों की संख्या, विभिन्न शोधपत्रों में उद्धरण आदि विभिन्न मापदंडों के आधार पर विकसित एक समग्र सी संकेतक के माध्यम से विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा किए गए शोध कार्य के प्रभाव को दर्शाती है. सूची में ये शामिल...

प्रो. अमृतांशु शुक्ला: अब तक 180 शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं. इनमें 65 अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं. इनका शोध प्रमुख रूप से थर्मल ऊर्जा भंडारण पदार्थ सहित अक्षय ऊर्जा संसाधन, सैद्धांतिक भौतिकी एवं परमाणु भौतिकी के क्षेत्र में हैं.

डॉ. रोली वर्मा : प्लास्मोनिक और फोटोनिक्स नैनो संरचनाओं और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम करती हैं। सेंसिंग क्षेत्र कई तकनीकों जैसे हाइड्रोजेल, सोल जेल, एमआईपी, नैनो कंपोजिट, धातु आदि से पैदा होता है। इससे किसी भी चीज का मेटल, कार्बन, दूध के केलामादन आदि का पता चलता है। जब हमें यह पता चल जाएगा कि उसकी मात्रा क्या है तो फिर हम उसके अनुसार सावधानी ले सकते हैं। **-डॉ. रोली वर्मा,** भौतिक विज्ञान विभाग

क्लासेज की डेट तय

बीए साइकोलजी प्रथम सेमेस्टर : 13 अक्टूबर, दोपहर एक बजे से

डीफार्म प्रथम सेमेस्टर : 13 अक्टूबर, सुबह 10.30 बजे से

बीए सोशियोलजी प्रथम सेमेस्टर : 14 अक्टूर, दोपहर 12.05 से एक बजे, एक से 1.55 बजे

बीए, बीएससी एंथ्रोपोलाजी प्रथम सेमेस्टर : 14 अक्टूबर, समय सारिणी के अनुसार

LUCKNOW (11 Oct): लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एलएलबी पार्ट टाइम पीएचडी के इंटरव्यू, रिसर्च राइटअप और दस्तावेज सत्यापन की तिथि में बदलाव कर दिया है. विधि संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 16 अक्टूबर की जगह अब 17 अक्टूबर को इंटरव्यू, रिसर्च राइटअप और दस्तावेज सत्यापन होगा. इसके लिए सुबह 9.30 बजे अभ्यर्थियों को द्वितीय परिसर में उपस्थित होना होगा. लखनऊ विश्वविद्यालय के संबद्ध चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने गणित के पेपर में कम अंक से मूल्यांकन किए जाने का आरोप लगाया है. मंगलवार को छात्र ने ट्विटर के जरिये इसकी शिकायत दर्ज कराई.

LUCKNOW (11 Oct) : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकाम और एलएलबी आनर्स (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर के बाद अब बीए प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं कल से शुरू होंगी. पहले दिन बीए साइकोलजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं दोपहर एक बजे से संचालित होंगी. गुरुवार से बीए सोशियोलजी प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई होगी. बीए प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ डीफार्म, बीसीए, बीबीए सहित विभिन्न कोर्सों की कक्षाओं की भी समय सारिणी तय हो गई है. एलयू में 10 और 11 अक्टूबर को स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के अभिलेखों के सत्यापन किया गया. अब पढ़ाई शुरू करने की तैयारी है. अधिष्ठाता कला संकाय प्रोफेसर प्रेम सुमन शर्मा ने बताया कि बीए प्रथम, तृतीय और पांचवें सेमेस्टर की कक्षाएं शुरू करने की समय सारिणी विभागों में भेजी जा चुकी है.

CONCEPT PIC

सम्मान | हर साल विज्ञान, इंजीनियरिंग में शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों का होता है चयन

विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में लखनऊ के भी चार

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि के तीन शिक्षकों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम और काम दर्ज कराया है। प्रो. अमृतांशु शुक्ला, प्रो. अभिनव कुमार और डॉ. रोली वर्मा ने स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से जारी विश्व के शीर्ष वैज्ञानिक शिक्षकों की सूची में स्थान पाया है। इसके अलावा डॉ. आलोक धवन को भी पिता स्व. डॉ. बीएन धवन के साथ जगह मिली है।

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी विश्व के शीर्ष माने जाने वाले वैज्ञानिकों का डाटाबेस तैयार करती है। इसमें हर साल विज्ञान और इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों का चयन होता है। यह सूची एच इंडेक्स, शोधपत्र में सह लेखकों की संख्या, शोधपत्रों मापदंडों के आधार पर विकसित एक समग्र सी संकेतक के माध्यम से शोध कार्य के प्रभाव को दिखाती है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने शोधकर्ताओं को बधाई दी।

मेरा शोध कार्य थर्मल ऊर्जा भंडारण पर है। अक्षय ऊर्जा संसाधन, सैद्धांतिक भौतिकी व परमाणु भौतिकी इसमें शामिल है। एनर्जी स्टोरेज पर काम चल रहा है, जो पर्यावरण को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। इंडस्ट्री से काफी ऊर्जा बर्बाद हो जाती है, जिसका फोटोवोल्टिक तकनीकी से थर्मल ऊर्जा भंडारण किया जा सकता है। मैंने एनर्जी स्टोरेज मैटेरियल भी बनाया है जो क्लीन एनर्जी की तरफ आगे बढ़ने में सहायक होगा। **-प्रो. अमृतांशु शुक्ला,** भौतिक विज्ञान विभाग

मैंने प्लास्मोनिक, फोटोनिक्स नैनो संरचनाओं और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम किया है। सेंसिंग क्षेत्र कई तकनीकों जैसे हाइड्रोजेल, सोल जेल, एमआईपी, नैनो कंपोजिट, धातु आदि से पैदा होता है। इससे किसी भी चीज का मेटल, कार्बन, दूध के केलामादन आदि का पता चलता है। जब हमें यह पता चल जाएगा कि उसकी मात्रा क्या है तो फिर हम उसके अनुसार सावधानी ले सकते हैं। **-डॉ. रोली वर्मा,** भौतिक विज्ञान विभाग

मेरा शोध कार्य ट्रांजिशनल मेटल्स, पॉलिमरस (सीपी)/धातु कार्बनिक ढांचे डार्ड सॅसिटाइज्ड सोलर सेल के क्षेत्र में है। सोलर पैनल प्रिलीकॉन बेस्ड होते हैं। मैंने इसमें डार्ड सॅसिटाइज सोलर सेल का प्रयोग किया है। इससे इसकी एफिसिएंसी डेढ़ गुणा तक बढ़ जाएगी। मैंने मेटल आर्गेनिक पैन्सल डिजाइन किया है। जल संरक्षण पर शोध किया है, जिससे इंडस्ट्री के पानी के पुनर्प्रयोग को कम किया जा सकता है। **-प्रो. अभिनव कुमार,** रसायन विज्ञान विभाग

वीसी ने देखी महाविद्यालय की गुणवत्ता

लखनऊ। सीतापुर के मिश्रिख में राजकीय महिला कॉलेज का मंगलवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने निरीक्षण कर काम की प्रगति व गुणवत्ता देखी। उन्होंने निर्माण कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया। प्रो. राय ने बताया कि अभी सिविल काम में थोड़ा समय लगेगा। बिजली का कनेक्शन भी नहीं हुआ है। कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से जानकारी ली। निरीक्षण में उनके साथ डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन, डीन एजुकेशन प्रो. तृप्ता त्रिवेदी, एमबीए विभागाध्यक्ष प्रो. संगीता साहू, निर्माण अधीक्षक डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, डॉ. किरण लता डंगवाल, रूसा की निदेशक डॉ. केया पांडेय आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE III

सीटें खाली, विकल्प भरने का आज तक मौका

जासं, लखनऊ : केंद्रीयकृत स्नातक प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में 11 ऐसे कोर्स हैं, जिनमें सीटें खाली हैं। इन की मेरिट सूची पहले ही जारी की जा चुकी है। सूची में जिनके नाम शामिल हैं उन्हें बुधवार तक अपना विकल्प भरने का मौका दिया गया है।

लवि अपने यहां बीबीए, बीबीए टूरिज्म, बीकाम एनईपी, बीकाम आनर्स, डीफार्मा के साथ-साथ कालेजों के बीसीए, बीएफए, एलएलबी पांच वर्षीय (इंटीग्रेटेड), बीएलएड, बीएससी (एग्रीकल्चर) कोर्स में पहले चरण का सीट आवंटन कर चुका है। प्रवेश समन्वयक प्रो. पंकज माथुर ने बताया कि खाली सीटों पर दूसरे चरण की मेरिट जारी करके सीट आवंटन का मौका 11 अक्टूबर तक दिया था।

आज जमा करनी होगी फीस : लवि की ओर से परास्नातक प्रवेश में डिफेंस स्टडीज, एआइएच, संस्कृत, मास्टर आफ पब्लिक हेल्थ, मास्टर पब्लिक हेल्थ (कम्युनिटी मेडिसिन), मास्टर आफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन और क्रिमिनोलाजी एंड क्रिमिनल जस्टिस एडमिनिस्ट्रेशन विषय में सीट आवंटन किया जा चुका है। प्रवेश समन्वयक के मुताबिक जिनको सीट आवंटित हो गई है, वह बुधवार तक फीस जमा कर सकते हैं।

एलयू के चार छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से हुई कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। जिसमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्रों मो. शुएब, अनुज मौर्य और मानसी बिसारिया का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर एवं एमसीए की छात्रा नेहा एंथोनी का प्लेसमेंट बिजनेस डेवलपमेंट एनालिस्ट ट्रेनी के पद पर हुआ। इस अवसर पर कुलपति ने छात्र-छात्राओं को को बधाई दी है।

लवि के चार छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) में हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार छात्रों का प्लेसमेंट हुआ है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के तीन छात्रों मो. शुएब जाहिद, अनुज मौर्य, मानसी बिसारिया का प्लेसमेंट एसोसिएट साफ्टवेयर इंजीनियर और एमसीए की छात्रा नेहा एंथोनी का प्लेसमेंट बिजनेस डेवलपमेंट एनालिस्ट ट्रेनी के पद पर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनी ने छात्रों को 4.25 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज आफर किया है। (जासं)

इंटरव्यू की तिथि बदली

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने एलएलबी पार्ट टाइम पीएचडी के इंटरव्यू, रिसर्च राइटअप और दस्तावेज सत्यापन की तिथि में बदलाव कर दिया है। विधि संकाय अध्यक्ष प्रो. बीडी सिंह की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 16 की जगह अब 17 अक्टूबर को इंटरव्यू, रिसर्च राइटअप और दस्तावेज सत्यापन होगा। सुबह 9.30 बजे अभ्यर्थियों को द्वितीय परिसर में उपस्थित हो। (जासं)

बीए की कक्षाएं कल से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकाम और एलएलबी आनर्स (इंटीग्रेटेड पांच वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर के बाद अब बीए प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं कल से शुरू होंगी। पहले दिन बीए साइकोलजी प्रथम सेमेस्टर की कक्षाएं दोपहर एक बजे से संचालित होंगी। गुरुवार से बीए सोशियोलजी प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई होगी। बीए प्रथम सेमेस्टर के साथ-साथ डीफार्म, बीसीए, बीबीए सहित विभिन्न कोर्सों की कक्षाओं की भी समय सारिणी तय हो गई है। (जासं)

स्टैनफोर्ड विवि की श्रेष्ठता सूची में एलयू के शोधकर्ता

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। एलयू के तीन शोधकर्ताओं को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की सूची में स्थान मिला है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी ने विश्व के श्रेष्ठ वैज्ञानिकों का डेटाबेस तैयार किया है।

इस सूची में एलयू के भौतिकी विभाग से प्रो. अमृतांशु शुक्ला और डा. रोली वर्मा को पहली बार एवं रसायन विज्ञान विभाग के प्रो. अभिनव कुमार को लगातार दूसरी बार शामिल किया गया है। प्रो. अमृतांशु शुक्ला के अनुसंधान कार्य प्रमुख रूप से थर्मल ऊर्जा भंडारण पदार्थ सहित अक्षय ऊर्जा संसाधन, सैद्धांतिक भौतिकी एवं परमाणु भौतिकी के क्षेत्र में हैं।

डॉ. रोली प्लास्मोनिक और फोटोनिक्स नैनो संरचनाओं और फिल्मों पर आधारित ऑप्टिकल सेंसर पर काम करती हैं। इनके शोध पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य लाभ पर आधारित हैं। प्रो. अभिनव का अनुसंधान कार्य ट्रान्जिशनल मेटल्स, पॉलिमरस, धातु-कार्बनिक ढांचे के क्षेत्र में हैं।

JAGRAN CITY PAGE I

शीर्ष दो प्रतिशत विज्ञानियों में लवि के तीन

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के तीन शिक्षकों को लगातार दूसरी बार स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया के शोधार्थियों की ओर से जारी की गई दो फीसद टाप विज्ञानियों की सूची में जगह मिली है। इनमें भौतिकी विभाग के प्रो. अमृतांशु शुक्ला, डा. रोली वर्मा तथा रसायन विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अभिनव कुमार शामिल हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने तीनों शिक्षकों को शुभकामनाएं दी हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोधार्थी हर साल विज्ञान और इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में दुनिया के शीर्ष दो फीसद वैज्ञानिकों की सू